प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.10.2024/18.00बजे प्रादेशिक समाचार/

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। 2014 में आज ही के दिन नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। पिछले महीने मन की बात में, नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है जिसकी हर कड़ी में नए अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं। उन्होंने कहा था कि समाज में सामूहिक भावना के साथ जो भी काम हो रहा है, उसे मन की बात से पहचान मिलती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के श्रोता ही इसके असली एंकर हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने आज शिमला में राज्य चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ एक विशेष उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गुणवत्तापूर्ण दवाओं, चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों और उपकरणों की पारदर्शी खरीद के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में सुधार पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने आवश्यक दवाओं और शल्य चिकित्सा उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से प्राप्त मांग को पूरा करने के लिए 8 सौ 88 आवश्यक दवाओं के साथ–साथ 2 सौ 73 चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों और शल्य चिकित्सा वस्तुओं के लिए एक सप्ताह के भीतर निविदाएं जारी करने के निर्देश दिए। शांडिल ने कहा कि एचआईवी जांच और परामर्श सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र (आईसीटीसी) वैन की खरीद की औपचारिकताएं भी पूरी कर ली गई हैं।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिले के पूह में खंड स्तरीय शिकायत निवारण समिति और 20 सूत्रीय कार्यक्रम समिति के तहत आयोजित बैठकों की अध्यक्षता की। इस दौरान बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और संपर्क मार्गों के रखरखाव सहित लंबित विकास कार्यों पर विचार विमर्श कर संबंधित विभागों को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

नेगी ने अधिकारियों को वर्तमान राज्य सरकार की विकासात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने पूह विकास खंड में विद्युत परियोजनाओं द्वारा की जा रही अवैध डंपिंग की समस्या पर चर्चा की और राजस्व विभाग के अधिकारियों को तय समय में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र की बलेरा पंचायत में भुलकीनाला पंजेहीनाला तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र की करीब पांच सौ की आबादी को लाभ होगा। पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में पिछले वर्ष 21 नई सड़कों का कार्य शुरू किया गया है जबकि इस वित्त वर्ष में एक सौ 21 नई सड़कें शुरू हो रही है।

भूमि पूजन

उप मुख्य सचेतक व विधायक केवल सिंह पठानिया ने आज शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कोहला में रैत से कोहला सड़क के स्तरोन्नयन कार्य का निरीक्षण कर भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत होने

वाले सड़क के उन्नयन कार्य में छः करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे और कई पंचायतों के करीब 12 हजार लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

शिविर

शिमला जिला के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार में इसी महीने जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं व बैंकिंग प्रणाली की जानकारी मिल सकें। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में ये निर्णय लिया गया। उन्होंने बैंकिंग अधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में फसल बीमा योजना के तहत किसानों को जोड़ने के मामले पर विस्तृत जानकारी ली गई।

———————————————————————————————————————

——————————————————————————